पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

———————

राज्यपाल ने निःशुल्क स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन किया

————————

गांवों में भी इस प्रकार के हेल्थ कैम्प लगायें जाय–राज्यपाल

———————

लखनऊः 20 फरवरी, 2020

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहां बैंक ऑफ महाराष्ट्र एवं वागा सुपर स्पेशिएलिटी हास्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'निःशुल्क स्वास्थ्य मेला' के उद्घाटन के अवसर कहा कि अभिभावकों को छोटी उम्र से ही बच्चों की आंखों की जांच कराते रहना चाहिए, जिससे समय रहते आंखों का समुचित इलाज कराया जा सके। उन्होंने बच्चों से भी कहा कि जब कभी उन्हें देखने में तकलीफ हो तो तुरन्त माता–पिता को बतायें। इसी तरह अध्यापकों की भी जिम्मेदारी है कि वे अपने क्लास में बच्चों के हाव–भाव पर ध्यान देते रहें, क्योंकि थोड़ी सी लापरवाही से आंखों को ज्यादा नुकसान पहुंचा सकता है।

राज्यपाल ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में योगदान देने की प्रशंसा करते हुए कहा कि निःशुल्क स्वास्थ्य मेले के आयोजन में सहयोग प्रदान कर गरीबों को निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा उपलब्ध कराना निश्चित रूप से एक पुनीत कार्य है। उन्होंने बैंकों से अपील की कि वे शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपने सी0एस0आर0 फंड का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करें। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से भी गरीबों के इलाज में भरपूर सहयोग देने का आह्वान किया। राज्यपाल ने आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रूपये की सीमा तक निजी चिकित्सालयों द्वारा निःशुल्क इलाज करने में सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीबों के लिये है तथा इसका अनुचित लाभ नहीं उठाया जाना चाहिए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि गांवों में भी इसी तरह के हेल्थ कैम्प लगाकर गरीबों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने स्वास्थ्य मेले में उपचारित मरीजों एवं बच्चों से भेंटकर उनका हाल–चाल जाना। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण कर निःशुल्क जांच के संबंध में चिकित्सकों से भी बातचीत की।

इस अवसर पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र के महाप्रबन्धक श्री वी0पी0 श्रीवास्तव तथा अंचल प्रबन्धक श्री जी0डी0 सिंह, वागा अस्पताल की निदेशक डॉ0 पल्लवी सिंह, बड़ी संख्या में जांच कराने आये स्कूली बच्चे, मरीज के अलावा चिकित्सक एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

––––––

ओ0पी0राय/राजभवन (138/8)

DIAGNOSTICS
care for you